पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

————

अंतरिम बजट देश के विकास को गति देने वाला

———

समाज के हर वर्ग को सौगात देने वाला बजट

———

आत्मनिर्भरता, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता को बढ़ावा देने वाला बजट

———

आयुष्मान भारत योजना के दायरे में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों तथा आशा वर्करों को भी शामिल करना सराहनीय

———

सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण निःशुल्क तथा आंगनबाड़ी केंद्रों को सुदृढ़ किए जाने से महिलाओ एवं बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार होगा

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

————

लखनऊ : 1 फरवरी, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज लोकसभा में पेश अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट देश के विकास को गति देने वाला है, जो देश को अगले 03 वर्षों से भी कम समय में 05 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सक्षम होगा। उन्होंने बजट को युवा एवं विकसित भारत की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करने वाला बताया।

राज्यपाल जी ने अंतरिम बजट की सराहना करते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट नए भारत के राम राज्य वाला बजट है जो गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता पर केंद्रित है, जिसमें समाज के हर वर्ग को सौगात दी गई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार उच्च समृद्धि के साथ–साथ लोगों की आकांक्षाओ को पूर्ण करने के लिए आगे बढ़ रही है।

राज्यपाल जी ने बजट को आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए कौशल विकास के साथ उद्यमशीलता को बढ़ावा देने वाला बताया और कहा कि इससे अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ–साथ बड़ी संख्या में रोजगार सृजन भी संभव होगा। उन्होंने कहा कि बजट में आयुष्मान भारत योजना के दायरे में आंगनवाड़ी

कार्यकत्रियों तथा आशा वर्करों को भी शामिल किये जाने तथा 08 वर्ष से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण की निःशुल्क व्यवस्था से महिलाओ एवं बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

————————

कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र—9454468250